तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

9 यात्रा का उद्देश्य योजनाओं का लाभ पात्र तक पहुंचाना



10 सड़कों को उखाड़कर ठीक करना भूले अधिकारी



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**सोनीपत।** सोनीपत से राठधना स्टेशन के बीच देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। डाउन लाइन पर हुए हादसे की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया। जीआरपी से जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि रविवार देर रात करीब 12 बजे डाउन ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच की। रेलवे लाइन किनारे करीब 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। प्रारंभिक जांच में रेलवे लाइन पार करते हुए ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

### अवैध हथियार सहित काबू, रिमांड पर लिया

**सोनीपत।** जिले की एंटी व्हीकल थैफ्ट सैल सोनीपत ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी लाठ सोनीपत का है। जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि गत 17 दिसंबर को उनकी टीम ने गश्त के दौरान गांव घड़वाल निवासी संदीप को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपित को अदालत मे पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी कि वह अवैध हथियार कहां से और किससे खरीदकर लेकर आया था।

### गोवंश तस्करी में महिला व दो अन्य गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने गौवंश तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित महिला सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू उर्फ हितेश निवासी नत्थुपुरा बुराड़ी व रेखा निवासी यादव भलस्वां दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस के रिमांड पर भेजा है।

गली देव नगर निवासी जयंत ने गत 17 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसे शक होने पर एक गाड़ी का पीछा करके कामी चौक पर रूकवा लिया। गाड़ी में दो बैल दुबली-पतली हालत मे लाद रखे थे। उनेस पूछताछ की गई तो सही जवाब नहीं दे पाएं। पूछताछ में आरोपितो ने बताया कि उक्त बेलों को तस्करी के लिए लेकर जा रहे थे। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि पुलसि ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं आरोपित सोनू को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## जिला उपभोक्ता विवाद निस्तारण आयोग भवन की आधारशिला रखी

# जस्टिस मान ने कोर्ट परिसर का दौरा कर केस सुनवाई का किया निरीक्षण

- बार एसोसिएशन पदाधिकारियों से बातचीत कर मांगों और समस्याओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा स्टेट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिडेसल कमिशन के प्रेजीडेंट जस्टिस टीपीएस मान ने आपदा प्रबंधन भवन के निकट प्रस्तावित डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिड्रेसल कमिशन भवन की आधारशिला रखी। जस्टिस मान ने निर्देश दिए कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिडेसल कमिशन भवन का शिलान्यास करने से पहले जस्टिस टीपीएस मान ने इंडियन कॉलोनी स्थित बीएस टावर में किराये के भवन में स्थानांतरित किये गये डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिडेसल कमिशन भवन का शुभारंभ किया। तदोपरांत वे शिलान्यास के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला न्यायालय परिसर का दौरा भी किया, जिसके तहत उन्होंने सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रवीण कुमार की अदालत का औचक निरीक्षण करते हुए केस की सुनवाई का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सिविल जज से केस के संदर्भ में पूछताछ भी की। जस्टिस टीपीएस मान ने अधिवक्ताओं के चैंबरों का जायजा भी लिया। पूरे परिसर का दौरा करते हुए वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत में भी गए। इस मौके पर उन्होंने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी बातचीत करते हुए उनकी मांगों व समस्याओं की जानकारी ली।

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल ने विशेष रूप से नये चैम्बर तथा शैड निर्माण की आवश्यकता जताई। उनकी मांग पर गंभीरता से मंथन करते हुए विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल, उपायुक्त डा. मनोज कुमार, डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिड्रेसल कमिशन के अध्यक्ष एडीजे विजय सिंह, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, कमिशन सदस्य डा. श्यामलाल व दीपा जैन, एक्सईएन पंकज गौड़, नायब तहसीलदार प्रदीप अहलावत आदि मौजूद थे।



**सोनीपत।** जिला उपभोक्ता विवाद निस्तारण आयोग भवन का उद्घाटन के दौरान मौजूद जस्टिस टीपीएस मान व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## 40वें दो दिवसीय महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**सोनीपत।** खेल प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए।

- हिंदू विद्यापीठ स्कूल में खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

काठ मंडी स्थित हिंदू विद्यापीठ में सोमवार को दो दिवसीय 40वें खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं उत्तरी रेलवे नई दिल्ली की मुख्य कार्यालय अधीक्षक प्रीतम सिवाच ने शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य अनीता गौतम ने उनका स्वागत किया। खेल कार्यक्रम का आरंभ खेल ध्वजारोहण, मार्च पास्ट व खेल मशाल प्रज्वलन के साथ खेलकूद महोत्सव का आरंभ किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई 100, 200, 400 व 800 मीटर दौड़, रस्साकसी व रिले रेस में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और जीत के लिए जोर लगाया। मुख्य अतिथि प्रीतम सिवाच ने विद्यार्थियों का उत्साह बढाते हुए उन्हें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य अनीता गौतम ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी विभिन्न स्पधाएर् आयोजित की जाएंगी। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का स्वागत

- पदभार ग्रहण करने के उद्देश्य से समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

बार एसोसिएशन खरखौदा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत व पदभार ग्रहण करने के उद्देश्य से समारोह आयोजित किया गया। निर्वाचन अधिकारी अनिल धनकड़ एडवोकेट ने नव निर्वाचित प्रधान कमल शर्मा, उप प्रधान सत्यजीत दहिया, सचिव अमित दहिया, सह सचिव मोहित दहिया व कोषाध्यक्ष प्रवीण पाराशर को बधाई दी। समारोह की मुख्य वक्ता एवं जज डॉ. रेनू सोलखे ने कहा कि परिवर्तन जीवन का एक हिस्सा है।

बेंच और बार के बीच सुखद तालमेल रहना चाहिए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। नव निर्वाचित प्रधान कमल शर्मा ने भरोसा दिलाया कि बार और बेंच के बीच कोर्डिनेशन बना रहेगा। प्रधान चुने जाने पर उन्होंने सभी वकीलों का आभार व्यक्त किया। साथ ही विश्वास दिलाया उनका एकमात्र लक्ष्य बार को मजबूत करना और उसे आगे बढ़ाना है। पूर्व प्रधान सुरेश दहिया ने कहा कि चुनाव होते रहे हैं और होते रहेंगे। वकील साथियों को भाईचारा कायम रखना चाहिए। एडवोकेट आशुतोष ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी का आह्वान किया कि निष्पक्ष होकर बार को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने बार को ग्यारह हजार रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। दिल्ली से पहुंचे एडवोकेट गजे सिंह ने वकील साथियों से पेशे की गरिमा बनाए रखने की अपील की और बार एसोसिएशन को पंद्रह हजार एक सौ रूपए की राशि प्रदान की।




**खरखौदा।** मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रधान कमल शर्मा।

## सब्जी मंडियों में एकमुश्त फीस के विरोध में बैठक

- हरियाणा सब्जी मंडी आढ़ती संघ के प्रतिनिधियों व व्यापारी बोर्ड के चेयरमैन के बीच बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सोमवार को नई अनाज मंडी सोनीपत में हरियाणा की सभी सब्जी मंडियो मे हरियाणा सरकार द्वारा थोपी गई एकमुश्त मार्केटिंग फीस के विरोध मे 20 दिसंबर की प्रस्तावित हड़ताल बाबत व्यापारी कोष बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल के मध्य, जिला व्यापार मंडल के चेयरमैन संजय वर्मा व प्रधान संजय सिंगला की अध्यक्षता मे हुई। मीटिंग मे सब्जी मंडी सोनीपत के प्रधान ललित खत्री ने चेयरमैन के समक्ष अपनी मांगे रखी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पिछले लगभग 8 साल से सब्जी मंडियो पर मार्केटिंग फीस बिल्कुल फ्री थी लेकिन हरियाणा सरकार ने कोरोना काल मे 1% मार्केटिंग फीस व 1% एच आर डी एफ फीस लगा दी गई जबकि हरियाणा की पड़ोसी राज्यों की मंडियो जैसे चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश मे मात्र 1 % मार्कटिंग फीस है अतः हरियाणा के आदतियों ने कोरोना काल से पहले की तरफ इस मार्केटिंग फीस को बिल्कुल माफ करने की मांग रखी दूसरा पिछले लगभग 75 साल से चली आ रही आदत फीस 5% से 10% रखने की मांग रखी क्योंकि महंगाई बहुत बढ़ चुकी है तथा सब्जी मंडी से बाहर सब्जी बेचने वालो पर सख़्ती की जाने की मांग रखी तथा उनको मंडी के माध्यम से सब्जी बेचने दी जाये, इन सभी मांगो को लेकर चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के राजनितिक सलाहकार भारत भूषण भारती से फोन पर ये मांगे रखी और उन्होंने 19 दिसम्बर को व्यापारी प्रतिनिधियों को दोपहर मीटिंग के लिए कुरुक्षेत्र सर्किट हाउस मे बुलाया।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद सदस्य।

### ये रहे मौजूद

इस मीटिंग मे कैंथल से वीरेंद्र सतीजा,कृष्ण बाठला, प्रेम जिंदल, रोहतक से सोनू छाबड़ा, साहिल मग्गु, रामेशर सैनी, फरीदाबाद से रणबीर,हर्ष आहूजा,बल्लभगढ़ वीरेंद्र शर्मा, ओल्ड फरीदाबाद से राजू पाराशर,गोहाना से दीपक मेहता, सोनीपत से महासचिव इंद्र गुप्ता, सचिव राजकुमार, संदीप, यामीन खान, विनोद सैनी, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## महिला फिजियोथेरेपिस्ट से लूट का प्रयास

- दो आरोपितों को किया गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके में बदमाशों के हौसलें बुलंद है। बदमाशों ने सेक्टर-14 में महिला फिजियोथेरेपिस्ट पर चाकू से हमला कर दो युवकों ने मोबाइल व नकदी लूटने की कोशिश की। महिला के नाक के पास चाकू लगने से वह चोटिल हो गई। उसके बावजूद उन्होंने साहस जुटाकर शोर मचा दिया। जिससे आसपास के लोगों ने महिला को बचाया। जिस पर दोनों युवक मौके से भाग गए। पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने लूट की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

धानक बस्ती निवासी आशा गिरी गोस्वामी ने बताया कि वह फिजियोथेरेपी का काम करती है। वह रविवार रात को नौ बजे सेक्टर-12 स्थित फिजियोथेरेपिस्ट केंद्र से पैदल ही घर की तरफ जा रही थीं। जब वह सेक्टर-14 में पहुंची तो अचानक दो युवक उनके पास आए। युवकों ने आते ही उनके नाक के पास चाकू से वार कर दिया। जिससे वह चोटिल हो गई। एक युवक ने उनके मुंह को दबा लिया और दूसरे ने नकदी व मोबाइल छीनने की कोशिश की। इस पर उन्होंने साहस जुटाकर युवक के चंगुल से छूटकर शोर मचा दिया। जिस पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने आरोपितों से उन्हें बचाया। युवकों की पहचान उज्जवल व विनय के रूप में हुई। जिस पर पीड़िता ने पुलिस को बुला लिया। टीम ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मूलरूप से पानीपत के गांव उग्राखेड़ी फिलहाल ओल्ड डीसी रोड ब्रह्म नगर निवासी विनय व गांव दीपालपुर निवासी उज्जवल के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

> **तेजधार हथियार से किया गया हमला**
> तेजधार हथियार से हमला कर दो बदमाशों ने महिला से नकदी व मोबाइल लूट की कोशिश करने की शिकायत मिली है। इस संबंध में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।
> - **दिलबाग सिंह**, प्रभारी सेक्टर-27 शहर, सोनीपत।

## पाठशाला में पहुंचे विदेशी पर्यटक

- बच्चों को करियर गाइडेंस के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क पाठशाला सेक्टर 12 में विभिन्न विश्विद्यालयों में पढ़ने वाले भारतीय व विदेशी छात्रों ने पहुंच कर संस्था की गतिविधियों को समझा। संस्थापक नितिन जैन ने बताया की नाइजीरिया से नेने, भूटान से तशी, व अन्य छात्र भारत से सिक्किम, मणिपुर, हैदराबाद, मुंबई , उत्तराखंड, हैदराबाद, कर्नाटका, केरला, जयपुर, आदि ने बच्चो के साथ गतिविधियां की। बच्चो को करियर गाइडेंस के बारे में जागरूक किया व स्कूल के बाद किस किस विषय में आगे बढ़ सकते हैं उसके अनेक सुझाव दिए। स्प्रेड स्माइल की धर्मार्थ डिस्पेंसरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये कार्य बहुत ही खास लगा। अक्सर सेहत पर लोग ध्यान नहीं देते हैं और इस डिस्पेंसरी के मध्यम से चिकत्सा व पाठशाला के मध्यम से शिक्षा का अनुपम कार्य किया जा रहा हैं। इसके बाद सिलाई केंद्र को देखा और सिलाई मशीन चलाने का प्रयास किया व इसके बाद पक्षियों को दाना डाला। उन्होंने अपने अपने देश की कुछ गतिविधियों को बताया।



## दुकानदारों और मकान मालिकों ने नपा सचिव से मिलकर बताई अपनी परेशानियां

# नपा ने दिल्ली मार्ग पर स्लैब तोड़कर करवाई नालों की सफाई

- नालों का मलबा साथ ही साथ दूसरी जगह गिरवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

नगर पालिका द्वारा दिल्ली मार्ग पर मुख्य नालों की स्लैब तोड़कर नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। प्रयास संगठन अध्यक्ष नवीन दहिया की अगुवाई मे दिल्ली मार्ग से कई दुकानदार व मकान मालिक नगरपालिका सचिव से मिले व उन्हे आने वाली परेशानियों से अवगत कराया। नवीन दहिया ने बताया नगरपालिका के इस अभियान से सभी शहरवासी खुश हैं व इस अभियान मे सहयोग दे रहे हैं। लेकिन कुछ विषयों को लेकर स्थानीय लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई के दौरान जो मलबा इक्कठा हो रहा है उसे साथ की साथ गाड़ियों मे भरवा कर दूसरी जगह गिरवाया जाए। जिससे सड़क पर आने जाने वालो को परेशानी ना हो व हादसों का डर ना रहे। इसके अलावा नालों से जो गंदगी निकाली जा रही है उससे पूरी सड़क ही गंदगी से भर गई है। जिससे आमजन को परेशानी के साथ महामारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। जिन दुकानों और खासकर गलियों से सामने से नाले उखाड़े जा रहे हैं उनकी सफाई होने के बाद साथ साथ उनपर स्लैब रखवा दी जाए ताकि लोगो को परेशानी का सामना ना करना पड़े। नगरपालिका सचिव संदीप कुमार ने समस्या जानकर आश्वासन दिया कि 2-3 दिन के अंदर स्लैब रखवा दिए जाएंगे व नालों के टूटने से जो मलबा निकलता है उसको भी साथ साथ उठाने के लिए जल्द ही कदम उठाए जाएंगे।



**खरखौदा।** नगर पालिका सचिव को जानकारी देते नवीन दहिया व अन्य।

### शहर में लगे अवैध होर्डिंग उतरवाए

**गन्नौर।** शहर में अवैध तरीके से लगे अवैध विज्ञापन व होडिंर्ग बोर्ड का नपा ने सफाया करना शुरू कर दिया है। सोमवार को नपा कर्मियों ने नगरपालिका ने शहर में लगे अवैध होडिंर्ग व बैनर उतारे। इस दौरान नगरपालिका के कर्मचारी नगरपालिका रोड पर लगे होडिंर्ग को उतारते नजर आए। नपा के सफाई निरीक्षक पोषण मलिक ने बताया कि शहर में अवैध रूप से होडिंर्ग व फ्लैक्स इत्यादि लगाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर पालिका द्वारा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। ज्ञात रहे कि शहर में लगे अवैध होडिंर्ग्स और बैनर पर लगने वाली प्रचार सामग्री देखकर रोड पर चलने वाले वाहन चालक भटक जाते हैं। जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसलिए नगरपालिका ने अभियान चलाकर शहर को अवैध होडिंर्ग्स और बैनरों से मुक्त करा दिया है।



**गन्नौर।** रेलवे रोड पर बिजली के पोल पर लगे होर्डिंग उतारते नगरपालिका कर्मचारी।

## अध्यापिका के खाते से निकाले 1.5 लाख रुपये

- साइबर ठगों ने झांसे में लेकर दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलेज में पढ़ा रही अध्यापिका को झांसा देकर साइबर ठगों ने उनके खाते से एक लाख पांच हजार रुपए निकाल लिए। टीचर ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी व अमानत में खयानत के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों ने क्रेडिट कार्ड पर इंटरनेशनल लिमिट बता हर महीने 2500 रुपए कटने को कहा, इसके बाद झांसा देकर रकम निकाली। विकास नगर बहादुरगढ़ निवासी परिणिता ने बताया कि हाल में गर्ल्स होस्टल हैप्पी चाईल्ड कालेज ऑफ नसिंर्ग, महलाना रोड में रह रही है। परिणिता ने बताया कि वह कॉलेज में बतौर नसिंर्ग टूटर कार्यरत है। उसके पास एक अंजान नंबर से मिस कॉल आई। उसने वापिस कॉल किया, तो उसने उसे बोला की उसके क्रेडिट कार्ड पर इंटरनेशनल लिमिट लगी हुई है। आरोपित ने कहा इसके कारण आपके 2500 रुपए हर महीने कटेंगे। इसको हटाने के लिए आरोपित ने वाट्सएप पर एक लिंक भेजा। उसने लिंक को क्लीक किया, और अपना क्रेडिट कार्ड नंबर डाला। उसके खाते से पहली बार में 60 हजार व दूसरी बार में 45000 हजार रुपए कट गए। आरोपित वने उसकी मर्जी के खिलाफ धोखाधड़ी से कुल एक लाख पांच हजार रुपए निकाल लिए।

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# क्रिसमस प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



## संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

## आशाओं में विश्वास

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



### यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

**क्रिसमस का** त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

# आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारों से भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं। क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...

---

मेकअप साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

# फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।

**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।



**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप लुक को कंप्लीट करेगा।

प्रस्तुति : मानसी

---

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।



**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

---

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं तीन केक्स की रेसिपी।

# क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक

### खस जैली केक



**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए

**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।

### क्रंची कोको केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/2 कप, कोको पावडर-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-1/2 कप, तेल-1 कप, दूध-1कप, बेकिंग पावडर-2छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, वनीला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी



**विधि:** क्रंची कोको केक बनाने के लिए कंडेंस्ड मिल्क, पिसी चीनी और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। उसके बाद इसमें वनीला एसेंस मिला लें। सारी सूखी सामग्री को मिलाकर बड़े बाउल में छलनी से छान लें। इसमें कंडेंस्ड मिल्क, तेल का मिश्रण और आवश्यक्तानुसार दूध मिलाकर फ्लोइंग कंसिसटेंसी का बैटर बना लें। अब केक मोल्ड में तेल लगाकर मैदा बुरकें। इसमें बैटर डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट के लिए रख दें। पूरी तरह बेक होने पर केक को ठंडा करके प्लेट में निकालें और मनचाही गार्निशिंग कर लें।

### मेवा केक



**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी

**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।

## खबर संक्षेप

### नृत्य प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**गोहाना।** मंगलवार को विजय दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा फाउंडेशन द्वारा शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं हरियाणवी लोक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी कलाकारों ने अपनी कला प्रतिभा का जलवा बिखरते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक और राष्ट्रीय सचिव सुल्तान सिंह ने की।

### चैंपियनशिप में गेटवे का प्रदर्शन सराहनीय



**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खेलों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए अपने स्कूल, कोच, माता झपिता तथा अपने जिले सोनीपत का नाम रोशन किया। और इस तरह- लॉन टेनिस में विजयवाड़ा में हुई 18 वीं जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में अग्रिम ने सिल्वर तथा ब्रोंज मेडल हासिल किया और प्रभजोत ने स्कूल स्टेट चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। संस्कार देशवाल ने हरियाणा स्टेट ओपन जोनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप जो एचआरएसए द्वारा जिला रोहतक में कराई गई थी।

### विधायक ने उठाया रास्तों को पक्का करवाने का मुद्दा



**गोहाना।** मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बरोदा हलका से कांग्रेस विधायक इन्दुराज नरवाल उर्फ भालू ने हलका क्षेत्र में कच्चे पड़े 6 करम के रास्तों को पक्का करने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कई बार कहा है कि हमारी सरकार 6 करम के कच्चे रास्तों को पक्का करेगी। सरकार द्वारा बरोदा हलके में ये काम पूरा न कर भेदभाव किया है। कहा कि बरोदा हलका के घड़वाल से मेहरड़ा तक,रिढ़ाणा से अकालगढ़ तक 6 करम का कच्चा रास्ता जिला जींद की सीमा तक तो पीडब्ल्यूडी द्वारा पक्का बना दिया लेकिन बरोदा की सीमा लगते ही रास्ते का निर्माण रोक दिया गया।

### चोरी के आरोपित दबोचे, जेल भेजे

**सोनीपत।** एंटी ब्रग्लरी स्टाफ सोनीपत टीम ने सैटरिंग की प्लेट चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों सहित तीन नाबालिग आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गोलू कुमार निवासी मुजफ्फर बिहार हाल में राई, विक्की निवासी जौली व हनीफ निवासी उत्तर प्रदेश का है। वहीं नाबालिग एक आरोपित उत्तर प्रदेश व दो बिहार के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। कोर्ट ने नाबालिगों को बाल सुधार गृह व तीन आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बैंयापुर निवासी शशि ने बताया कि उसने बढमलिक गांव में गोदाम की सैटरिंग का काम ले रखा है।

## गांव गोपालपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# यात्रा का उद्देश्य योजनाओं का लाभ पात्र तक पहुंचानाः दहिया

### ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

सोमवार को गोपालपुर गांव में विकसित भारत यात्रा के पहुंचने पर जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया व ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत यात्रा शुरू की है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम से जनता को योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश का कोई पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित ना रहे, इसके लिए सैंकड़ो एलईडी वैन गांवों गांवों में जा रही है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ सालों में केंद्र सरकार और 9 सालों में प्रदेश सरकार की जो योजनाएं बनी हैं अगर कोई व्यक्ति उनसे छूट गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडकर उन्हें लाभान्वित करना है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। यह



जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया विकसित भारत की शपथ दिलाते।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, खरखौदा ब्लॉक समिति के चेयरमैन सितेन्द्र दहिया, जिला पार्षद मंजीत भोला, बीडीपीओ दीपिका शर्मा, विकास दहिया, गांव गोपालपुर राजन पाना के सरपंच मुकेश व गोपालपुर के सरपंच विनोद कुमार, खरखौदा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

यात्रा प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक चलेगी। चेयरपर्सन ने कहा कि गरीब लोग धन के अभाव में उपचार से वंचित न रहें, इसके लिए आयुष्मान भारत-चिरायु योजना चलाई जा रही है। इसमें अंत्योदय परिवार को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ पात्र लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। इस दौरान बैंक की स्टॉल, स्वास्थ्य जांच शिविर, हेल्प डेस्क, आयुष कैंप, योगाभ्यास, क्रिड हेल्प डेस्क, सीएससी स्टाल, पीएम उज्ज्वला योजना, मेरा भारत पंजीकरण हेल्प डेस्क, एक्स सर्विस मेन व सर्विस मैन के लिए हेल्प डेस्क भी लगाई गई।



गोहाना। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाते अतिथि।

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को क्षेत्र के गांव ठसका में पहुंची। गांव में पहुंचने पर यात्रा का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। मुख्यातिथि पंचायत समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक ने कहा कि हम सब को मिलकर अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकारें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। हम सब को भी इस दिशा में काम करने की जरूरत है। जब हर व्यक्ति इस दिशा में आगे बढ़ेगा तभी विकसित भारत निर्माण का सपना साकार होगा। इस अवसर पर यात्रा के संयोजक सुधीर मलिक, डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, सोनिया मोर, जितेंद्र शर्मा, भगवान शर्मा, जयसिंह मलिक, अनूप कुंडू, रमेश दत्त, प्रदीप मलिक और योगेश शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



कुलपति प्रोफेसर सुदेश व अन्य अतिथिगण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

## अपनी आत्मा की उन्नति के लिए कर्म करना चाहिए : वीसी

- श्रीमद भागवत गीता की राह, वाह जिन्दगी वाह कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने कहा कि हमें अपनी आत्मा की उन्नति के लिए कर्म करना चाहिए, न कि शरीर की सुन्दरता के लिए। वे ब्रह्माकुमारीज संस्थान के विश्व कल्याण सरोवर सोनीपत (दिल्ली जोन) में गीता जयन्ती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीमद भागवत गीता की राह... वाह जिन्दगी वाह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रही थीं। कुलपति ने कहा कि गीता हमें निष्काम कर्म का उपदेश देती है और उसे अपने जीवन में उतारने की कला भी सिखाती है। उन्होंने कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुक्त कण्ठ से सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि उनके ऐसे प्रयासों से ही स्वच्छ, सुंदर और सुदृढ़ समाज की स्थापना हो सकती है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु स्मृति के सुन्दर गीत से किया गया। अतिथियों का मंच पर आगमन व स्थान ग्रहण पश्चात पुष्प गुच्छ, बैज व तिलक से स्वागत हुआ। राम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल के श्री श्री 1008 डा. स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मानव को गीता को समझना पड़ेगा। समापन पर मुख्य वक्ता गीता विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने कहा कि शांति का मंत्र अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का मंत्र है। भगवद् गीता का सार वाह जिन्दगी वाह। गीता का उपदेश है, समाज में सीधे चलो। गीता उदास मन को भी उद्यमी बनाने का शास्त्र है। जीवन भगवान की देन है और गीता हमें उस जीवन को जीने की कला सिखाती है। कार्यक्रम का सफल संचालन बीके सुशील बहन ने किया, जबकि विश्व कल्याण सरोवर के प्रबंधक ब्रह्माकुमार सतीश भाई ने अतिथियों व उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। करनाल से पधारे बीके विजय भाई ने अपने गीतों से सभी का भरपूर मनोरंजन किया व कुमारी वंशिका ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया। भारी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम का लाभ उठाया और अपना जीवन गीता के उपदेशों के अनुरूप बनाने की प्रेरणा ली।

## पंजाब को हराकर अटायल की टीम जीती

- स्पर्धा में हारने वाली टीम निराश न होकर खेल में सुधार लाएं : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांव अटायल में 37 किलोग्राम भार वर्ग में नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें हरियाणा प्रदेश के अलग-अलग जिलों, पंजाब व यूपी से करीब 80 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने को लेकर जमकर पसीना बहाया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान टीम अटायल व पंजाब की टीम के बीच खेला गया। इस रोचक मुकाबले में अटायल ने पंजाब की टीम को 38-28 पॉइंट से शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। हिसार टीम तृतीय व



गन्नौर। खिलाड़ियों को सम्मानित करते समाजसेवी देवेंद्र कादियान।

अटायल बी टीम चौथे स्थान पर रही। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों का परिचय कर किया। उन्होंने विजेता टीम व खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया ताकि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कादियान ने कहा कि खेल में एक टीम की हार तो दूसरी टीम की जीत सुनिश्चित है। हारने वाली टीम को निराश न होकर अपनी कमियों को दूर कर खेल प्रतिभा में सुधार करना चाहिए। आयोजक व ग्रामीणों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान का फूलमाला से स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जैन स्कूल की टीम द्वितीय

**गोहाना।** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शहर के मुख्य बाजार में स्थित जैन वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय की सीनियर वर्ग की टीम दूसरे स्थान पर रही। मंगलवार को विजेताओं को विद्यालय में सम्मानित किया गया।

विद्यालय की सीनियर वर्ग की टीम में शुभम, हिमांशी और मोनी ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में विद्यालय की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों टीमों का चयन राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया है। यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी। विजेता टीमों सहित अध्यापक जयकिशन सुनील और प्रियंका को विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण लाल दुरेजा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यापक सत्यवीर, दलबीर, राजवीर मुकेश कालड़ा, मोहित सोमा रानी, कौशल्या, उर्मिला, शशि बाला और मोनिका आदि उपस्थित रहे।

## 45 ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

- भगवान परशुराम चौक में साप्ताहिक रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भागराम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को शहर के टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में साप्ताहिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में कुल 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इनमें जीजा और साला, दो महिलाएं भी शामिल हैं। शिविर एसी बस में लगा। रक्त के संकलन के लिए रोहतक के पीजीआई अस्पताल के रक्त बैंक से डॉ. सचिन सोढ़ी की टीम पहुंची। अध्यक्षता भागराम ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा ने की। संयोजन 223 बार के रक्तदाता सुरेंद्र वशिष्ठ ने किया। मुख्य अतिथि नगर गांव की



गोहाना। रक्तदाताओं का हौसला बढाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

सरपंच के प्रतिनिधि के रूप में प्रवीण खुराना रहे। सैन्य कर्मचारी सुमित बूरा ने भी रक्तदान किया। उनके साथ उनके साले अंकित मलिक ने रक्तदान किया। अंकित बीएसएफ के एएसआई हैं। रक्तदान करने वाली दो महिलाएं-सोनिया रोहल्ला और रेखा मलिक रहीं।

## रौनक पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह 24 को : सिन्हा

- एम एस रशिका मथारू होगी विशेष अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल का क्रिसमस कार्निवल व वार्षिक स्कूल उत्सव समारोह 24 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने दी। सिन्हा ने बताया कि विशेष अतिथि मिसेज दिल्ली एनसीआर(2022-23) की विजेता एम एस रशिका मथारू होंगी। इसके अलावा कलर टीवी पर टैक्सीको इंडिया ऑफिसियल डेली सोप की ब्रांड एंबेसडर फेम हरलीन ढिल्लन कार्यक्रम में चमकाने आ रही हैं।



स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा।

#### एडमिशन के लिए स्कालरशिप टेस्ट 7 को : प्रधानाचार्य

स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने बताया कि रौनक पब्लिक स्कूल में प्रवेश के लिए छात्रवृति परीक्षा 7 जनवरी को होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले प्रथम 100 छात्रों की एडमिशन फीस नहीं ली जाएगी।

## रतिराम स्कूल ने टीम ने मारी बाजी

- प्रताप स्कूल में एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

वालीबाल एसोसिएशन हरियाणा द्वारा प्रताप स्कूल खरखौदा में करवाई गई एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता में रतिराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुबड़ू की टीम ने पहले मैच में बाजी मारी। विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य रविन्द्र धनखड़ के नेतृत्व में शिक्षकों ने स्वागत किया। प्रधानाचार्य रविन्द्र धनखड़ ने बताया कि वालीवाल प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का खिलाड़ी खेल सकता था। लड़कियों की केवल दो ही टीम भाग ले रही थी।



गन्नौर। स्कूल के प्रधानाचार्य रविन्द्र धनखड़ स्कूल की विजेता टीम के साथ।

पहले मैच में रतिराम स्कूल की लड़कियों की टीम का मैच खानपुर महिला विश्वविद्यालय के बीच रखा गया। खानपुर की टीम ने 13 अंक व रतिराम स्कूल की टीम को 25 अंक मिले। दुसरा मैच में खानपुर विश्वविद्यालय की टीम ने केवल 10 अंक व रतिराम स्कूल की टीम ने 25 अंक प्राप्त करके विजय प्राप्त की। रतिराम स्कूल की 10 वीं 11 वीं कक्षा की लड़कियों की टीम शामिल थी। इस मौके पर राजपाल नसीयर, कृष्ण धनखड़, अरूण धनखड़ आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।



गोहाना। परीक्षा देते परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### पांच सौ छात्रों ने दी गणित परीक्षा

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू वमावि में मंगलवार को गणित सप्ताह के अंतर्गत गणित परीक्षा आयोजित की। परीक्षा 500 विद्यार्थियों ने दी। 22 दिसंबर को महान गणितज्ञि रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय में गणित सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में गणित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की संस्थाक कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन सह निदेशक राजकुमार और उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्राचार्य डॉ. सचिन के अनुसार परीक्षा में परीक्षार्थियों से ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे गए। उनके अनुसार विद्यार्थियों में गणित के प्रति रूचि बढ़ाने व उक्त विषय का गूढ़ जानकारी देने के लिए गणित सप्ताह शुरू किया गया है। परीक्षा के सफल आयोजन में शिक्षिक हरीश सैनी, मंजीत लठवाल, यशपाल शर्मा, राकेश शर्मा, ललित गोयल, अनिल लठवाल, सुमित चहल, नीति जैन, नीतू शर्मा, चिराग जैन, संतोष यादव और ज्योति बांगड़ का विशेष सहयोग रहेगा।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में त्रेतायुग से वर्तमान भारत की दिखी झलक

# छात्रों ने पंजाबी, हरियाणवी, गुजराती नृत्य से लूटी वाह-वाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक समारोह के अवसर पर प्रोत्साहन 2023 कार्यक्रम मनाया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह महाभारत के दुर्योधन का दमदार किरदार निभा चुके पुनीत इस्सर व जानेमाने अभिनेता किरण कुमार ने शिरकत की। उनके अलावा गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी व सीटी यूनिवर्सिटी लुधियाना के वाइस चांसलर डा. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम डा. निर्मल नागर, एसीपी गोरखपाल



वार्षिकोत्सव में पहुंचे अभिनेता किरण कुमार विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

राणा, डीईओ नवीन गुलिया, मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र कादियान, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, व्यवसायी पावेल गर्ग, संजीव गोयल, सनत जैन, अमित जैन भी अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने त्रेतायुग के मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, द्वापरयुग के कर्मयोगी श्रीकृष्ण, भारतवर्ष पर आक्रमणों, स्वतंत्रता के लिए संघर्ष, स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत नारी सशक्तीकरण, स्वच्छ भारत, उन्नत कृषि, विज्ञान विकास,



स्कूल के होनहार विद्यार्थियों के साथ विधायक निर्मल चौधरी व स्कूल प्रबंधन।

सशक्त भारतवर्ष, जय जवान जय किसान जय विज्ञान पर आधारित लघु नाटिकाओं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने दक्षिण भारतीय, कश्मीरी, पंजाबी, हरियाणवी, गुजराती, राजस्थानी नृत्य भी प्रस्तुतियां दी। इस दौरान स्कूल की वार्षिक पत्रिका अक्षत का अनावरण भी किया। चेयरमैन सुरेश बत्रा, प्रबंध निदेशक डा. संजय जैन, अमित बत्रा, निदेशिका डा. सुनीरा जैन, रूचिका बत्रा, प्राचार्य कृष्ण मलिक, उप प्राचार्य दीपमाला, डा. मनोज, डा. अभिलाषा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आभार जताया। प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह में बालीवुड अभिनेता पुनीत इस्सर व किरण कुमार ने अपने जाने-माने डायलाग से दर्शकों ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी मन लगा कर पढ़ाई करें, शिक्षित होने पर ही उनका भविष्य संवर सकता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक को अपने छात्रों के चरित्र की पहली ईंट होना चाहिए। उन्हें बच्चों को अपना भविष्य खुद चुनने का अधिकार देना चाहिए।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### समीक्षा बैठक का आयोजन

**सोनीपत।** केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिकों को टूलकिट खरीदने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 15 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, जिसके लिए कारीगरों को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। सोमवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में योजना से संबंधित 225 आवेदनों पर उपायुक्त ने अधिकारियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान पता चला कि कुछ आवेदनों की जांच करने पर पाया गया कि सरपंचों व यूएलबी पार्षदों द्वा ऐसे आवेदनों को भी स्वीकृत किया गया है जो लोग न तो श्रमिक है और ना ही कारीगरी का कार्य करते हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

## घर से लापता हुआ व्यक्ति, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कुमासपुर में संदिग्ध हालत में व्यक्ति के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव कुमासपुर निवासी रेखा ने बताया कि उसके 45 वर्षीय पति 15 दिन पहले बिना किसी से कुछ बताएं चला गया। अपने स्तर पर कृष्ण की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## महिला का पति पर हत्या प्रयास का आरोप, केस

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने अपने पति पर हत्या प्रयास का आरोप लगाया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जाचं कर रही है। एक कालोनी निवासी महिला ने बताया कि उसने एमकॉम की पढ़ाई की है। जबकि अब बीएड की पढाई कर रही है। उसने वर्ष 2020 में युवक से लव मैरिज की थी। उसका पति गांव के मंदिर में भगताई काम करता है। उसने पति को यह काम छोड़कर कोई दूसरा काम करने को कहां। इसके बाद पति ने उसके साथ रोज झगड़ा करना शुरू कर दिया। बेटी पैदा होने के बाद भी पति उसे झगड़ा करता है ओर मारपीट करता है। अब तीन-चार दिन से पति उसके साथ झगड़ा कर रहा था।

### बदलते मौसम में बढ़ रहा बीमारियों का प्रकोप, बच्चों पर दिख रहा अधिक असर

# अस्पताल में दवाइयों का टोटा, चिकित्सक ने लिखी 4 दवाइयां, मरीज को अस्पताल में एक भी नहीं मिली

अस्पताल में नहीं मिल रही जरूरी दवाइयां, बाहर से दवाइयां खरीदने पर मजबूर अभिभावक, घंटों लंबी लाइनों में खड़े होने के बाद भी तीमारदार व मरीज खाली हाथ लौटने को हो रहे विवश


**सोनीपत।** रजिस्ट्रेशन कांउटर के बाहर जमा भीड़। *फोटो : हरिभूमि*



**सोनीपत।** दवाइयां न होने के चलते खाली पड़ा काउंटर। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूरे उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप देखने को मिल रहा है। अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाइनें लग रही है। जिले के नागरिक अस्पताल में ठंड के मौसम में बीमार बच्चों व बुजुर्गो की संख्या ज्यादा देखने को मिल रही है। ठंड बढ़ने से सर्दी-खांसी, बुखार आदि से पीड़ित बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ठंड बढ़ते ही बच्चे बीमार हो रहे हैं। बच्चों में वायरल संक्रमण के साथ ही अब निमोनिया के भी मामले सामने आ रहे है। अस्पताल में दवाएं न मिलने पर उनके अभिभावकों को बाजार से मजबूरी में खरीदनी पड़ रही है।

स्वास्थ्य अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से हमेश की तरह रटा-रटाया जबाव मिल रहा है। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य राम भरोसे है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज करीब 1200 से 1400 मरीजों की रजिस्ट्रेशन ओपीडी होती है। सोमवार को उक्त संख्या करीब 200 मरीज ज्यादा देखने को मिली। अस्पताल के ओपीडी पंजीकरण काउंटर व चिकित्सक कक्ष के बाहर सुबह से लेकर दोपहर तक मरीजों की भीड़ लगी रहती है। चिकित्सक मरीजों का परीक्षण करने के पश्चात उन्हें पर्चियां थमा दे रहे है, लेकिन उन पर्चियों पर उन्हें अस्पताल में दवाइयां उपलब्ध नहीं हो रही है।

अस्पताल में इस समय कफ सिरप व एंटी-बायोटिक दवा गायब हो गई है। इस परिस्थिति में मरीजों व उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दवा उपलब्ध नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों व मरीजों के बीच अक्सर तू-तू, मैं-मैं की नौबत बनी रहती है। जिसके चलते स्वास्थ्य कर्मियों को काफी परेशानी भी उठानी पड़ती है। दवा काउंटर से मरीज व उनके परिजन काफी निराश मन से वापस लौटने को मजबूर होते हैं। विभाग के अधिकारी मरीजों की इस समस्या से निजात दिलाने के प्रति रुचि नहीं दिखा रहे है। ऐसे में मरीजों को अस्पताल से बाहर मेडिकल स्टोरों से महंगी दवाइयां खरीदने के लिए जेब ढीली करने के साथ-साथ आर्थिक बोझ का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### डिस्पेंसरी पर नहीं मिली दवाई

मेरा बच्चा तीन दिन से बीमार है। अस्पताल में चिकित्सक को दिखाया तो चिकित्सक ने कुछ दवाएं ओपीडी पर्ची पर लिखकर दी। डिस्पेंसरी पर कोई दवा नहीं मिल पाई है।

### चार में से एक भी दवाई नहीं मिली

बच्चा बीमार होने के कारण परेशानी हो रही है। गोहाना से चलकर सोनीपत जिला अस्पताल में आई। चिकित्सक ने चार दवाइयां कार्ड पर लिखी, लेकिन यहां तो बच्चों के लिए दवा तक मुहैया नहीं हो सकी।

### आवश्यक दवाओं की कर रहे लोकल खरीद

अस्पताल में मरीजों को बेहत्तर उपचार मिल सके उसके लिए विभाग व अधिकारी प्रयासरत है। दवाइयों को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। जरूरी दवाइंयों की लोकल खरीद भी की जाती है। हाल में अस्पताल में जिन दवाओं की कमी है, उनके लिए मुख्यालय से एनएसी लिया जा रहा है। एनएसी मिलने के बाद दवाओं की खरीद शुरू कर दी जाएगी।

*-डा. जयकिशोर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*

### आमजन को कैस मिलेगा बेहत्तर उपचार

प्रदेश सरकार व जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल में बेहत्तर चिकित्सक सुविधा होने के दावे किए जा रहे है। वहीं नागरिक अस्पताल में दवाओ को टोटा बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में अस्पताल मेंअमोक्सीक्लेव, लिवोक्स, कफ सिरप, ठंड के लिए चेस्टन कोल्ड टैबलेट व अन्य एंटी बायोटिक दवाओं का टोटा बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्यालय से दवाएं नहीं मिल रही, वहां से दवाओं का अनुपब्लधता प्रमाणपत्र (एनएसी) लिया जा रहा है। एनएसी मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से दवाओं की खरीद की जा सकेगी।

### क्या कहते है अस्पताल में आने वाले तीमारदार

मैं अपने बीमार बच्चे को अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने आई थी। चिकित्सक ने ओपीडी पर्ची पर कई दवाएं लिखकर दी, उनमें से पैरासिटामोल के अलावा कोई दवा नहीं मिली। अस्पताल में बीमार बच्चों की दवाएं भी नहीं मिल रही है। बाहर मेडिकल स्टोरों से महंगी दवाएं खरीदने के लिए जेब ढीली करनी पड़ रही है।

### ओपीडी में बढ़ने लगी बच्चों की संख्या दो गुणा से अधिक पहुंचने लगे मरीज

नागरिक अस्पताल में दवाओं को लेकर हालत बद से बदत्तर होते जा रहे है।बाल रोग विशेषज्ञ डा. अलंकृता गेरा ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ वायरस, बैक्टीरिया और विभिन्न प्रकार के कीटाणु तेजी से प्रभावित कर रहे है। बच्चों को सर्दी-खांसी होने के बाद सीने में तेजी से बलगम जमा हो रही है। इसके बाद यह तेजी से निमोनिया का रूप धारण कर रहा है। ठंड से पहले जहां 150 से 200 बच्चे पहुंच रहे थे तो वहीं, अब इसकी संख्या 250 से 300 हो गई है। इनमें से लगभग 40 बच्चे निमोनिया से पीड़ित मिल रहे है। संक्रमित बच्चों में सर्दी, खांसी के साथ यह धड़कनों को तेज कर देता है। बच्चे को सांस लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बच्चे कमजोर होने लगते है। अभिभावकों को बच्चों के बेहतर उपचार व देखरेख के लिए सलाह दी जा रही है



## एससी/एसटी एक्ट व आरक्षण के खिलाफ 78वें दिन भी धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एससी-एसटी एक्ट और आरक्षण की मौजूदा जनविरोधी व्यवस्था के खिलाफ लघु सचिवालय में गत 78 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के महासचिव रविन्द्र जठेड़ी की तबीयत बिगड़ने पर प्रशासन ने सोमवार शाम को सामान्य अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। नियमित सत्याग्रही राकेश धारीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की अनदेखी से लम्बे समय से अनशन पर चल रहे पार्टी महासचिव रविन्द्र जठेड़ी का स्वास्थ्य लगातार गिर चुका है।उनका वजन भी घटकर काफी कम हो चुका है और अब तो इन्हें नींबू पानी से भी उबकाई आने लगी थी आज हालात ज्यादा खराब होने पर शासन/प्रशासन द्वारा अनशन स्थल पर उनके स्वास्थ्य की जांच करवाई बाद में अन्य जांच एवं इलाज हेतु उन्हें सामान्य हस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब आमरण-अनशन आंदोलन तेजी से परिणाम की ओर बढ़ रहा है। केंद्र सरकार द्वारा मांगों व अनशनकारी की अनदेखी के खिलाफ सहयोगी, समर्थकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए काफी रोष प्रकट किया। आमरण-अनशन आंदोलन के समर्थन में 20 दिसंबर को सहयोगी समर्थक सत्याग्रही दिल्ली में संसद भवन पर प्रदर्शन करते हुए आंदोलन को मजबूत और तेज करेंगे।

## प्रताप स्कूल की जन्नत, सारिका व प्रियंका प्रथम

- जिला स्तरीय गीता महोत्सव में स्कूल छात्राओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता जिला मुख्यालय सोनीपत में आयोजित हुई। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा की जन्नत व सारिका ने कक्षा नौवीं से बारहवीं की निबंध प्रतियोगिता में प्रथम व प्रियंका ने पेटिंग कम्पीटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर इन विद्यार्थियों का चयन स्टेट लेवल गीता महोत्सव प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इससे पहले विद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन अपना चयन जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता के लिए करवाया था। विद्यालय प्रांगण में प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डा. सुबोध दहिया व विद्यालय स्टॉफ ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा आगामी स्टेट लेवल प्रतियोगिता में भी जीतने का आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर प्राचार्या दया दहिया ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा व खेल के साथ-साथ सह पाठ्येतर गतिविधियों पर भी ध्यान दिया जाता है। जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय के विद्यार्थी जिला एवं राज्य स्तरीय सह पाठ्येतर गतिविधियों में जीतकर जिला सोनीपत एवं ब्लॉक खरखौदा का नाम रोशन करते हैं। जन्नत, सारिका व प्रियंका तीनों ही होनहार छात्राएँ है। स्टेट लेवल गीता महोत्सव प्रतियोगिता में भी ये तीनों छात्राएँ शानदार प्रदर्शन कर जिला सोनीपत व प्रताप स्कूल खरखौदा का नाम करेंगी।


**खरखौदा।** विजेता छात्राओं का स्वागत करते हुए प्राचार्या दया दहिया।



### विधायक ने विस में उठाया गेस्ट टीचर का मामला

**सोनीपत।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन अतिथि अध्यापकों का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सरकार से अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री से सवाल किया कि प्रदेश के राजकीय स्कूलों में कार्यरत्त अतिथि अध्यापकों को नियमित कब तक किया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि वर्ष 2005 में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश के राजकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए करीब 20 हजार शिक्षक भर्ती किए थे। इन अतिथि अध्यापकों के कंधे पर प्रथम कक्षा से 12वीं कक्षा तक विद्यार्थियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है। अतिथि अध्यापकों की भर्ती से शिक्षा के क्षेत्र में अतुल्यनीय सुधार हुआ था। वर्तमान समय में प्रदेश के राजकीय स्कूलों में करीब 12 हजार 746 अतिथि अध्यापक कार्यरत्त है। लेकिन भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल के बाद भी अतिथि अध्यापकों को नियमित नहीं किया गया है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि अतिथि अध्यापकों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर सत्र में उनकी आवाज उठाने की मांग की थी।

## छीनाझपटी व मारपीट का आरोपी 2 दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना पुलिस ने छीनाझपटी व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित आगाज औरंगैज उर्फ समीर निवासी हापुड़ उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। ललियाना मेरठ निवासी साजिद ने गत 25 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 24 अक्टूबर देर शाम अपनी बस में सवार भरकर टिकरी बॉडर से हरदोई जा रहा था। रात करीब 9.30 बजे केजीपी टूल टैक्टस से आगे गाड़ी लेकर पहुंचा। उसी दौरान एक वैगनार कार में बैठे युवकों ने उसकी बस के आगे गाड़ी अड़ा दी। उसकी बस के शीशे तोड़ दिए। उससे 22 सौ रुपये निकाल लिए। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।



## जुआं-1 व जुआं-2 में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

- 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सबको मिलकर करने होंगे देश हित कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विकसित भारत यात्रा के तहत गांव जुआं-1 तथा जुआं-2 में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से आज सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक ले रहा है। विकास भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला लगातार चलाकर लोगों को अनके घर द्वार पर सभी प्रकार की समस्याओं का निवारण मिल रहा है। पूर्व मीडिया सलाहकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर लिए गए संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब लोगों को मिलकर देश हित में कार्य करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ निश्चय व सेवा भाव ने देश को विश्व में आर्थिक व्यवस्था के तौर पर मजबूत बनाया है। नित रोज सरकार द्वारा आम जनता के लिए कई नीतियां व योजनाएं क्रियान्वित की जाती है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करवाना है। देश के गरीब व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना चलाई।


**सोनीपत।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चें। *फोटो : हरिभूमि*

- जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व मीडिया सलाहकार ने पात्र महिलाओं को गैस चूल्हे और सिलेण्डर वितरित किए।
- कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान चिरायु योजना के तहत पात्र लोगों को चिरायु कार्ड वितरित किए।
- कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए।
- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला खेल प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## आज कई गांवों में जाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन

**सोनीपत।** डीसी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हर पात्र व्यक्ति तक केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए जिला में गांव-गांव विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन 19 दिसंबर को गांव फरमाणा महलाण, निजामपुर माजरा, भावड़, भोगीपुर, आहुलाना, भण्डेरी, महलाना तथा मिजार्पुर पहुंचेगी। चार विडियो वैन गांव-गांव जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी, ताकि हर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके। विडियो वैन 20 दिसंबर को सुबह राई ब्लॉक के गांव पबसेरा व दोपहर बाद बढ़मलिक, 21 दिसंबर को सुबह खटकड़ पहुंचेगी।

### जनस्वास्थ्य विभाग ने बिछाई थी पेजयल लाइन

# सड़कों को उखाड़कर ठीक करना भूले अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जनस्वास्थ्य विभाग शहर में पेयजल आपूर्ति लाइन को ठीक करने के बाद खोदी गई सड़क को दुरुस्त नहीं कर रहा। जिससे लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर के राजकीय माडल संस्कृति स्कूल गन्नौर से ईदगाह रोड की तरफ जा रही सड़क दो जगहों से खोद कर छोड़ दी है। ईदगाह रोड के निकट तिराहा पर कई महीनों पहले पानी की पाइप लाइन को दुरूस्त करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जेसीबी से सड़क को उखाड़ दिया था। उस समय सड़क उखाड़ कर पाइपलाइन तो ठीक कर दी गई। परंतु विभाग द्वारा उखाड़ी गई सड़क को दुरुस्त करना उचित नहीं समझा है। कई महीने बाद भी विभाग द्वारा इसे दुरुस्त नहीं किया गया है। इसके चलते स्थानीय लोगों, दुकानदारों एवं राहगीरों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि टिंकू ने बताया कि वह कई बार जनस्वास्थ्य विभाग से सड़क को दुरुस्त करने की मांग कर चुके हैं। जबकि अभी तक कोई निवारण नहीं हुआ है। ठेकेदार द्वारा सड़क को उखाड़ मिट्टी रोड़ा आदि मलबा ऐसे ही सड़क पर छोड़ दिया है। यह सबसे व्यस्त मार्ग होने के चलते यहां से दिनभर बड़ी तादाद में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। इससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का भय बना हुआ है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कुछ दिन पहले सैंगराक स्कूल के सामने भी पेयजल आपूर्ति लाइन को ठीक करने के लिए सड़क को खोद दिया गया था। पेयजल आपूर्ति लाइन को ठीक करने के बाद वहां भी खोदी गई सड़क को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। ठंड के मौसम में सुबह शाम कोहरा छाने लगा है। ऐसे में दोनों जगहों पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है।


**गन्नौर।** पेयजल आपूर्ति लाइन को ठीक करने के बाद उखाड़ी गई सड़क को ठीक न किए जाने पर रोष जताते स्थानीय लोग।

### एसडीएम को देंगे शिकायत

इस बारे में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि टिंकू ने बताया कि वह जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत कर थक चुके हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।